# टैक्स चोरी के साथ किया करोड़ों का गड़बड़झाला

## सीजीएसटी की कारोबारियों के सात ठिकानों पर छापेमारी में भंड़ाफोड़

**2 करोड़ से अधिक के आईटीसी इवेजन का अनुमान**

**20 लाख जीएसटी जमा**




**जबलपुर। केन्द्रीय जीएसटी जबलपुर ने टैक्स चोरी के खिलाफ स्क्रैप कारोबार से जुड़ी शहर की फर्मों के सात ठिकानों में बुधवार से छापेमार कार्रवाई की जो गुरूवार को भी जारी रही।**

दस्तावेजों, माल और इससे जुड़े दस्तावेजों की जांच, स्टॉक, लेखा-जोखों की पड़ताल में करोड़ा की हेराफेरी सामने आई है। फर्जी बिलों के जरिए खरीद फरोख्त के साथ कारोबारियों ने टैक्स चोरी करने भी भारी गड़बड़झाला किया है। अभिलेखों, स्टॉक, अन्य दस्तावेजों की जांच में करोड़ों की हेराफेरी का भंड़ाफोड़ हुआ है। सीजीएटी ने मेसर्स केएनआर मेटल्स व मेसर्स समा स्टील पर शिकंजा कस दिया है। 2 करोड़ से अधिक के आईटीसी इवेजन का अनुमान है। इसके साथ ही दोनों फर्मों ने 20 लाख जीएसटी तत्काल जमा कर दी है। केंद्रीय जीएसटी आयुक्तालय जबलपुर आयुक्त लोकेश कुमार लिल्हारे के नेतृत्व में आयुक्तालय की एंटी एवेशन टीम ने फर्जी बिलों द्वारा खरीद फरोक्त के संबंध में जबलपुर शहर के 7 जगहों पर छापेमार कार्यवाही की है। जिन फर्मों में कार्रवाई की गई उसमें मेसर्स शमा स्टील, मेसर्स केएनआर मेटल, मेसर्स मनन ट्रेडर्स, मेसर्स मानस एंटरप्राइजेज, मेसर्स वर्धमान एंटरप्राइजेज, मेसर्स सिल्वर स्टील इंडस्ट्रीज, एवं मेसर्स महावीर इंडस्ट्रीज शामिल है। सूत्रों का कहना है कि मामले की गहराई से जांच जारी है और दस्तावेजों की समीक्षा के पश्चात कठोर विभागीय कार्रवाई की जा सकती है। सीजीएसटी विभाग द्वारा की गई सघन जांच में स्क्रैप, धातु कारोबार से जुड़ी सात फर्मों के खिलाफ बड़े पैमाने पर आईटीसी इवेजन का मामला सामने आया है।

### 10 करोड़ के फर्जी बिल

विभागीय सूत्रों के अनुसार केएनआर मेटल्स में लगभग 10 करोड़ के फर्जी बिलों के माध्यम से लगभग 2 करोड़ के आईटीसी इवेजन का अनुमान पाया गया है। सातों फर्मों के प्रोपराइटरों द्वारा संबंधित दस्तावेज शीघ्र विभाग में प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया गया है। साथ ही यह भी कहा गया है कि जांच में यदि किसी प्रकार की अनियमितता, टैक्स चोरी या कर की कमी पाई जाती है, तो पूरी जीएसटी देय राशि जमा की जाएगी।

## ग्वालियर मेले का समय पर शुभारंभ होने पर कैट खुश

**ग्वालियर.** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेन्द्र जैन ने ग्वालियर व्यापार मेले का 25 दिसम्बर को शुभारंभ होने पर प्रसन्नता व्यक्त की है एवं गृहमंत्री अमित शाह, प्रदेश के मुख्य मंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने समय पर ग्वालियर व्यापार मेले का शुभारंभ कर एक लम्बे समय बाद ग्वालियर व्यापार मेले का समय पर शुभारंभ हुआ है. कैट के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेन्द्र जैन ने कहा कि मेले में राज्य शासन द्वारा 50 प्रतिशत आरटीओ छूट की घोषणा न किया जाना एक चिन्तनीय विषय है और ग्वालियर के ऑटोमोबाइल्स व्यापारियों को हताशा प्रदान करता है.



# श्रद्धेय अटल जी ने राजनीति को सेवा का माध्यम बनाया

**पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101 वीं जयंती पर हुए विविध कार्यक्रम**

**जबलपुर,25 दिसंबर. जनसेवा के आदर्श और करुणा से ओत-प्रोत व्यक्तित्व के धनी राष्ट्रनायक, पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखकर राजनीति को जनसेवा का माध्यम बनाया, जो हम सभी के लिए निरंतर प्रेरणा का स्त्रोत है.**

यह बात लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के 101 वीं जयंती के अवसर पर भाजपा कार्यालय में अटल स्मृति प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर कही. भाजपा कार्यालय में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के कर कमलों से प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि, भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल, विधायक अशोक रोहाणी, नीरज सिंह, संतोड़ बरकड़े, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी पराँजपे, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज की उपस्थिति में अटल स्मृति प्रदर्शनी का उद्घाटन हुआ.

### महानगर के सभी 967 बूथों में मनाई जयंती

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहार की 101 वीं जन्म जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर द्वारा शहर के सभी 967 बूथों में जन्म जयंती के कार्यक्रम आयोजित किये .भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने बताया भाजपा के प्रमुख पर्व जिनमे अटल जी की जन्म जयंती भी शामिल है जिनमे बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित होते है उसी तारताम्य में सभी बूथों में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित हुए जिनमे वक्ताओं ने अटल जी के कृतित्व पर उद्बोधन दिया. कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष रानू तिवारी, जिला महामंत्री पंकज दुबे, राजेश दाहिया, रंजीत पटेल, रुपेश पटेल, अभय सिंह ठाकुर, राजेश मिश्रा, शंकर श्रीवास्तव, योगेंद्र राजपूत सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही.

### एक नजर में

#### ठगी का शिकार बने लोगों को लौटाए 10 लाख

**पांढुरना.** ऑनलाइन धोखाधड़ी, बैंक फ्रॉड से पीड़ित लोगों को जिला पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार त्वरित कार्यवाही कर सायबर सेल के माध्यम से 10 लाख 35 हजार 438 रुपए की राशि वापस लौटाई,वहीं 13 लाख 67 हजार 874 रुपए की राशि होल्ट कर ठगों के पास जाने से रोकने में भी पुलिस सफल रहीं,वहीं ऐसे साइबर अपराधों से बचने के लिए पुलिस द्वारा लगातार विभिन्न माध्यम से अभियान चलाकर जिलावासियों को संतर्कता बरतने जागरूक किया जा रहा है . दिनों-दिन बढ़ते जा रहे साइबर अपराधों से जिलेवासियों को सुरक्षित रखने जिला पुलिस अधीक्षक सुंदर सिंह कनेश अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज सोनी के निर्देशानुसार इन ठगों पर कार्यवाही करने के साथ ही जिलावासियों को जागरूक करने पुलिस द्वारा सतत अभियान चलाया जा रहा है.

#### मुरैना के जंगलों में दिखा चीता

**मुरैना.** वन क्षेत्र लखनपुरा-तिलावली से अब एक चीता मुरैना के जंगलों में विचरण कर रहा है. सर्दी बढ़ने और रात में घना कोहरा छाने के कारण वन विभाग के कर्मचारियों को चीते की निगरानी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. कोहरे के कारण दृश्यता कम होने से चीते की गतिविधियों पर नजर रखना चुनौतीपूर्ण हो गया है. इसे देखते हुए कूनो और वन विभाग की टीम ने सतर्कता बढ़ा दी है. आसपास के गांवों के लोगों को भी सतर्क रहने की सलाह दी गई है .

## बिना अनुमति रैली, जुलूस और प्रदर्शन पर लगा प्रतिबंध

**रतलाम,25 दिसंबर. शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने और यातायात को सुगम बनाने के लिए एसडीएम रतलाम शहर आर्ची हरित ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं.**

यह आदेश 23 फरवरी 2026 से आगामी दो माह तक प्रभावशील रहेगा.जारी आदेशानुसार जिला न्यायालय, कलेक्टोरेट, अस्पताल, मेडिकल कॉलेज और अन्य सरकारी कार्यालयों के आसपास भीड़ जमा करने या धरना देने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा. ध्वनि विस्तार यंत्रों का उपयोग निषिद्ध होगा. किसी भी सार्वजनिक स्थान पर धार्मिक, सामाजिक, राजनैतिक या सांस्कृतिक कार्यक्रमों, रैली, जुलूस या धरना प्रदर्शन करने से 24 घंटे पूर्व वैधानिक अनुमति लेना अनिवार्य होगा.

धरना, आंदोलन इत्यादि हेतु टेंट पंडाल आदि का निर्माण सक्षम अधिकारी की अनुमति प्राप्त किए बगैर नहीं किया जाएगा. यातायात में बाधा- सार्वजनिक सडक़, मार्ग, रोड, हाईवे पर भीड़ एकत्रित कर यातायात बाधित करना प्रतिबंधित है. बिना अनुमति के डीजे और लाउडस्पीकर का उपयोग नहीं किया जा सकेगा. रात्रि 10 बजे के बाद ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा.

## नकली आभूषण बेचने वाले ठग गिरफ्तार



**17 लाख नकदी सहित आभूषण किए जब्त**

**खरगोन,25 दिसंबर. पुलिस ने सराफा व्यापारी को नकली सोना-चांदी आभूषण देकर लाखों रुपए की ठगी मामले का पुलिस ने खुलासा किया है.**

व्यापारी की शिकायत पर पुलिस ने दो शातिर ठगों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 17 लाख रुपए नकदी सहित सोने-चांदी के आभूषण जब्त किए है.

एसपी रविंद्र वर्मा ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 28 नवंबर को थाना बेडिया पर सोम्य ज्वेलर्स संचालक दीपक मुछाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 27 नवंबर को दो व्यक्ति मेरी दुकान पर आए, सोने के आभूषणों कि खरीदी-बिक्री की.

बातचीत में अपना परिचय हरियाणा का दिया. उन दोनों के पास 23 सोने की पुतलिया कुल वजन 230 ग्राम था, जिनके बदले मैंने उन्हें सोने-चांदी के आभूषण एवं कुछ नगदी रुपये 20 लाख रुपये दिए. इसके बाद उन दोनों ने कहा कि 10 दिन के भीतर वो 23 सोने की पुतलियो को भी पैसे देकर वापस ले जाएंगे. उनके जाने के बाद पुतलियों की जांच करने पर नकली सोने की होना पाया गया. उक्त घटना को गंभीरता से लेते आरोपियों की तलाश की. संभावित रास्ते व आसपास के 100 से अधिक सीसीटीव्ही फुटेज खंगालने के बाद संदिग्ध धर्मेन्द्र पिता राजवीर निवासी जौनाई थाना जेत जिला मधुरा

# एसआईआर में 10 हजार नाम कम

## कांग्रेस को नुकसान या भाजपा का फायदा

**शाजापुर, 25 दिसंबर. शाजापुर विधानसभा का राजनीतिक गणित यदि देखें तो कांग्रेस की गिनती 70 हजार वोटों से शुरू होती है जबकि भाजपा की गिनती शून्य से. यही कारण है कि बीते चार दशकों में कांग्रेस यहां से दस से बीस हजार वोटों से जितती रही है.**

हालांकि भाजपा दो बार जीती जरूर है लेकिन अंतर मामूली रहा. लेकिन एसआईआर से शाजापुर विधानसभा में दस हजार वोट कम हुए हैं अब यह वोट भाजपा के लिए फायदेमंद हैं या कांग्रेस के लिए नुकसान. गौरतलब है कि शाजापुर विधानसभा में कांग्रेस की जीत का जो अंक गणित है उसका मुख्य आधार है, अल्पसंख्यक मतदाता और गुर्जर समाज. लगभग 48 हजार अल्पसंख्यक मतदाता हैं तो 23 हजार के आसपास गुर्जर समाज के मतदाता हैं. अल्पसंख्यक मतदाताओं का वोट शत प्रतिशत कांग्रेस के पक्ष में जाता है तो गुर्जर समाज का मतदाता समाज के प्रत्याशी के साथ 80 से 90 फीसद नजर आता है.

### भाजपा की गिनती शून्य से होती है शुरू...

शाजापुर विधानसभा में कांग्रेस के पास जो सबसे बडा वोट बैंक आधार हरचुनाव में नजर आया है उसमें अल्पसंख्यक समाज और गुर्जर समाज. दोनों के वोटों को यदि मिला दें तो कांग्रेस की गिनती 60 हजार से अधिक वोटों से होती है तो वहीं इसके उलट भाजपा की गिनती शून्य होती है, क्योंकि भाजपा का परंपरागत वोट बैंक पाटीदार समाज है. क्षत्रिय समाज हर चुनाव में बटा नजर आता है. हालांकि पाटीदार समाज का वोट भी भाजपा की गुटबाजी के कारण 2018 में कांग्रेस को मिला था. भाजपा के पास कम संख्या वाले ओबीसी वोट हमेंशा से साथ रहा है. वहीं अजा, अजजा वर्ग का वोट बैंक भी 80 फीसद कांग्रेस के साथ पिछले पांच विधानसभा चुनावों में नजर आया है. यही कारण है कि कांग्रेस शाजापुर विधानसभा में हमेंशा से ही मजबूत नजर आई है.

## खाचरौद उपजेल से दीवार फांद कर तीन कैदी फरार

**उज्जैन/खाचरौद.** अपराधियों को अपराध से रोकने के लिए जेल बनाई जाती हैं ताकि वहां पर उनके आचरण में सुधार हो सके. लेकिन जेल में भी कैदी अगर किसी घटना को अंजाम दे दे तो सुधार की गुंजाइश बहुत कम हो जाती है. ऐसा ही एक घटनाक्रम खाचरौद में घटित हुआ जहां पर खाचरौद उपजेल की दीवार फांद कर तीन कैदी फरार हो गए. उपजेल अधीक्षक नीमा ने बताया कि अभी जेल में मरम्मत का काम चल रहा है. इसी का फायदा उठाकर सीढियों के रास्ते होकर महिला वार्ड से कैदी दीवार फांद कर फरार हो गए. समाचार लिखे जाने तक कैदियों के नाम सामने नहीं आ सके.

# अनुशासन के साथ निकला शौर्य संचलन

- अयोध्या, मथुरा, कांशी झांकी है, हिंदूस्तान अभी बाकी है..
- बजरंग दल शौर्य संचलन में गरजे प्रांत संगठन मंत्री

**खरगोन,25 दिसंबर. अयोध्या, मथुरा, कांशी झांकी है, हिंदूस्तान अभी बांकी है... अयोध्या का राम मंदिर हमारी आस्था ही नही बल्कि स्वाभिमान का प्रतीक भी है.**

देश में गुलामी और आक्रांताओं की हर वह निशानी मिटाने का समय आ गया है, जो सनातन धर्म के गौरव, आत्म सम्मान को ठेंस पहुंचाती है. केवल सत्य मेव जयते ही नही बल्कि शस्त्र मेव जयते का नारा भी देना होगा, क्योंकि बिना शस्त्र शांति, सद्भाव की स्थापना और धर्म की रक्षा नही हो सकती. उक्त संदेश विहिप प्रांत संगठन मंत्री खगेंद्र भार्गव ने गीता जयंती के उपलक्ष्य में विश्व हिंदू परिषद के द्वारा आयोजित शौर्य संचलन के पूर्व जवाहर मार्ग स्थित अशोक वाटिका में आयोजित सभा के दौरान बतौर मुख्य वक्ता अपने बौद्धिक में दिया. संगठन कार्यकर्ताओं में जोश, उर्जा का संचार करते हुए हुए श्री भार्गव ने कहा कि अयोध्या सिर्फ एक मंदिर नहीं, बल्कि सनातन धर्म का स्वाभिमान, संघर्ष, सत्य और धर्म की विजय का प्रतीक है, जो 500 साल के लंबे संघर्ष के बाद मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वजा फहराने के साथ अपने गौरव को पुनः प्राप्त कर चुका है.



### शास्त्र संस्कार और शस्त्र करते है धर्म की रक्षा

श्री भार्गव ने कहा कि अयोध्या मंदिर आपसी सहमति से नही बल्कि संघर्ष, बलिदान, समर्पण का परिणाम है. हमारे देवी. देवता भी शास्त्र के साथ शस्त्र धारण किए हुए है. शास्त्र जहां संस्कार सिखाते है तो वहीं शस्त्र धर्म की रक्षा करते है. यह हमने हाल ही में पाकिस्तान पर महज दो घंटे में अपने आधुनिक शस्त्रों के हमले में देखा.

# पूर्व मंत्री के समर्थक का अपहरण

## विधायक के प्रतिनिधि सहित 4 पर एफआईआर




**शिवपुरी,25 दिसंबर. जिले के पिछोर थाना क्षेत्र के अंतर्गत नई बस्ती में एक अपहरण का मामला सामने आया है. पूर्व मंत्री केपी सिंह के समर्थक छवेंद्र चौहान को उनके घर के सामने से उस समय अपहरण कर लिया गया, जब वह अलाव ताप रहे थे.**

आरोप लगा है कि वर्तमान विधायक प्रीतम लोधी के प्रतिनिधि रहीश यादव और उनके साथियों ने इस वारदात को अंजाम दिया. छवेंद्र अपने साथियों के साथ घर के बाहर बैठे थे, तभी एक स्कार्पियो से आए चार लोगों ने उन्हें जबरन गाड़ी में खींच लिया. परिजनों और साथियों के विरोध के बावजूद आरोपी उन्हें अगवा कर ले गए. हालांकि, पुलिस की तत्काल घेराबंदी की सूचना मिलते ही आरोपी घबरा गए और छवेंद्र को पिछोर थाने के सामने ही छोड़कर फरार हो गए.

छवेंद्र चौहान का कहना है कि अपहरणकर्ताओं ने उनकी कनपटी पर कट्टा और पिस्टल अड़ा दी थी. आरोपियों ने चुनावी रंजिश का जिक्र करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी थी.

पीड़ित का आरोप है कि पुलिस राजनीतिक दबाव में काम कर रही है, इसीलिए शिकायत के बावजूद दो अन्य आरोपियों के नाम एफआईआर में शामिल नहीं किए गए और न ही कट्टे-पिस्टल का उल्लेख किया गया है. पुलिस ने रहीश यादव, दीपक यादव, जितेंद्र यादव और विजयपाल के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## हमारा शरीर फिट रहेगा तो अच्छी सोच रख सकेंगे : साइना नेहवाल

**सतना.** लोकसभा क्षेत्र के सांसद गणेश सिंह द्वारा आयोजित सांसद खेल महोत्सव 2025 का भव्य समापन समारोह गुरुवार को दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम, जवाहर नगर में धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ओलंपिक कांस्य पदक विजेता एवं अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन स्टार साइना नेहवाल रहीं, जबकि नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने समारोह की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में चित्रकूट विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार, मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, महापौर योगेश ताम्रकार, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, एवं कोच बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# आगरा बॉम्बे रोड अब अटल बिहारी बाजपेई रोड

## पूरे आगरा बॉम्बे रोड को अटल बिहारी मार्ग करने की मांग भी : महापौर

नव भारत न्यूज

**इंदौर. नगर निगम एमआईसी की विशेष बैठक में आगरा बॉम्बे रोड का नाम बदलकर अटलजी के नाम से कर दिया गया है, लेकिन रहेगा अब रोड ही. इसकी वजह यह है कि आगरा बॉम्बे और अटल बिहारी में एबी ही आ रहा है.**

नगर निगम महापौर सभा कक्ष में आज अवकाश के दिन एमआईसी की विशेष बैठक हुई. बैठक में महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई की आज जयंती के अवसर पर नगर निगम ने आगरा बॉम्बे रोड को अटल बिहारी रोड करने का निर्णय लिया है. देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेयी द्वारा देश भर में मार्गो को मुख्य मार्गो से जोड़ने का विशेष कार्य किया है. उनके योगदान को देखते हुए नगर निगम मेयर इन काउंसिल की बैठक में ए.बी.रोड़ ( नगर निगम सीमा अंतर्गत) का नामकरण अटल बिहारी मार्ग करने की स्वीकृति दी गई है.



बैठक में महापौर भार्गव एवं सभी एमआईसी सदस्यों द्वारा संपूर्ण आगरा मुंबई रोड का नाम भी अटल बिहारी वाजपेई मार्ग करने हेतु मध्य प्रदेश शासन और भारत सरकार की ओर अनुशंसा एवं मांग पत्र भेजने का निर्णय लिया गया.

बैठक में महापौर परिषद सदस्य राजेंद्र राठौर, निरंजन सिंह चौहान, अश्विनी शुक्ल, राजेश उदावत, नंदकिशोर पहाड़िया, अभिषेक शर्मा, राकेश जैन, मनीष शर्मा उपस्थित थे.

**अव्यवस्था** 5 घंटे की लाइन, कोठी तक चार किमी दूर भी पार्किंग व्यवस्था फुल है.

# ओंकारजी दर्शन प्रशासन के लिए चुनौती



नवभारत न्यूज

**ओंकारेश्वर,25 दिसंबर. साल के वीक-एंड और छुट्टियों के महोत्सव में ओंकारेश्वर हाउसफुल हो गया है. 5 घंटे से ज्यादा समय ओंकारजी के दर्शन में लग रहे हैं. कोठी तक चार किमी दूर भी पार्किंग व्यवस्था फुल है.**

दर्शन के मैनेजमेंट में तब्दीली जरूरी है. लाइन में लगा श्रद्धालु 6 घंटे भी नित्य कर्म के लिए नहीं जा सकता. यह महत्वपूर्ण सुविधा प्रशासन श्रद्धा लोगों के लिए उपलब्ध नहीं करा पाया. 25 दिसंबर क्रिसमस की छुट्टी पर 50 हजार से अधिक श्रद्धालु ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर के दर्शन करने के लिए पहुंचे. कामकाजी तबका इस हफ्ते में छुट्टियां लेप्स होने के डर से बच्चों के साथ बाहर निकल गए हैं. एक हफ्ते इसी तरह श्रद्धालु प्रतिदिन ओंकारेश्वर बड़ी संख्या में पहुंचने का अनुमान है.

बढ़ती हुई भीड़ को देखते हुए समय प्रबंधन जरूरी है. अभी इस प्रकार की व्यवस्था नहीं है कि लाइन में लगने के बाद कितने समय में दर्शन होंगे पार्किंग को लेकर बढ़ती अव्यवस्था और अपर्याप्त इंतजाम अब विवाद का कारण बनते जा रहे हैं.

### जरूरी इंतजाम से चूका प्रशासन

दोपहर 12 बजे बाद पार्किंग स्थल गणेश नगर शिफ्ट करना पड़ रहा है. सामान्य दर्शन लाइन में लगे श्रद्धालु 4 -5 घंटे में ज्योतिर्लिंग दर्शन कर पा रहे हैं. व्यवस्थित लाइन ना लगने से श्रद्धालु परेशान होते हैं. लाइन में लगे श्रद्धालुओं को पानी और वाशरूम की व्यवस्था नहीं है. श्रद्धालु परेशान होते देखे जा सकते हैं. लाइन में लगे श्रद्धालु जहां खड़े होते हैं, वहां संभावित समय का नोटिस बोर्ड बनाकर लगाने से श्रद्धालु निश्चिंत होकर लाइन में खड़े रह सकते हैं.

### पांच किमी दूर तक जाम

छुट्टियां, पुराने वर्ष की विदाई और नए वर्ष के आगमन पर श्रद्धालु नर्मदा स्नान ज्योतिर्लिंग दर्शन कर मनाने के लिए पहुंचेंगे. ऐसे में सुलभ दर्शन, पार्किंग व्यवस्था प्रशासन के लिए चुनौतीपूर्ण रहेगी. ओंकारेश्वर में सभी जगह श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आ रही है. होटल, धर्मशाला , लाज, पार्किंग 5 किलोमीटर दूर कोठी तक हाउसफुल चल रही है .

# समस्याओं से पूर्ण रूप से करवाऊंगा मुक्त

## हर व्यक्ति को सुविधाएं उपलब्ध करवाना मुख्य ध्येय : नागरसिंह

**आलीराजपुर,25 दिसंबर. भारतीय जनता पार्टी का मुख्य ध्येय पूरे मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भर बनाते हुए हर ग्राम के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को उनकी दैनिक जीवन के लिए आवश्यक हर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना है.**

सरकार निरंतर प्रदेश के हर जिले हर विकासखंड से लेकर ग्राम ओर फलियों तक विकासकार्यों में निरंतर कार्यरत हैं. सड़क पानी बिजली मकान, हर सुविधाएं निरंतर पूरे विधानसभा क्षेत्र में कोने कोने तक पहुंच रही है. कई क्षेत्रों में वॉल्टेज संबंधित समस्याएं है, जो हम डीपी लगा कर खत्म करने में लगे हैं. हर ब्लाक में ग्रीड की स्थापना करवा रहा हूं, जिससे छोटी मोटी समस्या भी पूरी तरह से सप्ताह हो जाए.



यह बात कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान ने आज ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवास के दौरान कही.

विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता ने बताया कि विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव के दौरान ग्रामीणों ने बताई विद्युत वॉल्टेज संबंधित समस्याओं का समाधान करते हुए आज कैबिनेट मंत्री श्री नागरसिंह चौहान ने ग्राम किलोड़ा में विद्युत डीपी का लोकार्पण किया, जिसकी लागत 4 लाख 24 हजार 889 है.